# नाला बना मुसीबत,तेज बारिश में होती परेशानी

**खास बातें**

- वार्ड 6 और 7 के लोग होते मोतिया नाला से परेशान
- लोगों का कहना नपा नहीं दे रही ध्यान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,बरेठ रोड वार्ड 6 एवं 7 के मध्य से निकला मोतिया नाला जो रेलवे स्टेशन पल के नीचे से रामनगर होता हुआ पाराशरी नदी में मिलता है.बरसात के दिनों में इस नाले से लोगों को कितनी परेशानी होती है यह यहां के जन प्रतिनिधियों को मौके पर पहुंच कर आम जनता से पूछना चाहिए. वार्ड 6 एवं 7, 8 के नागरिकों को जब तेज बाढ़ आती है नाले में तो लोगों को अपने मकान खाली करना पड़ते हैं.कुछ लोग दूसरी मंजिल पर शिफ्ट हो जाते हैं. क्योंकि वार्ड का पानी मकानों के अंदर प्रवेश कर जाता है और इसके साथ वार्डों में आवागमन रुक जाता है तीन पुलियाएं इस नाले के ऊपर बनी हुई है.सभी पुलियों के ऊपर घंटों तक बाढ़ का पानी उतरने का नाम नहीं लेता.नागरिक किसी तरह पानी के अंदर से निकलते हैं.**

यहां कुछ मंदिर भी है इनके अंदर बाढ़ का गंदा पानी भर जाता है.धर्म प्रेमी श्रद्धालु मुंह पर कपड़ा बांधकर किसी तरह सफाई करते हैं.यह सब जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए और सबसे पहले इन समस्याओं का निराकरण करना चाहिए. जनहित में पार्षद भी ध्यान नहीं देते वह केवल गली की सड़क और नालियों में रुचि लेते हैं.सार्वजनिक हित भी देखना चाहिए. सभी जनप्रतिनिधियों को यह जानकारी है लेकिन वह केवल बरसात के दिनों में चिंता जताते हैं और आम जनता से कहते हैं बरसात में काम हो नहीं सकता बरसात के बाद काम शुरू करेंगे और भूल जाते हैं.तेज बरसात रात्रि में जब होती है और बाढ़ आती है तब यहां के निवासी रात भर जागते हैं उन्हें चिंता रहती है.कहीं मकान में पानी प्रवेश न कर जाए अभी समय है. गर्मी के दिनों में मोतिया नाले का कायाकल्प हो जाए पाराशरी नदी का तो कायाकल्प नहीं हो पाया और धन की बर्बादी बड़े स्तर पर हो चुकी है ठीक है जो हुआ अब मोतिया नाले की शुध लेने की जरूरत है यह कार्य जनहित में बहुत आवश्यक है.इसके लिए सांसद निधि तथा विधायक निधि से कार्य कराया जा सकता है.वैसे नगर पालिका परिषद भी यह कार्य करा सकती है.मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री क्षेत्र के सांसद गंजबासौदा आगमन पर कह चुके हैं.हमारी सरकार पर धन की कोई कमी नहीं है जो काम करना है कर डालो नगर पालिका के पास भी धनराशि की कमी नहीं है जरूरत है रुचि लेने की वार्ड पार्षद कभी नगर पालिका परिषद की बैठक में यह मुद्दा नहीं उठाते यही कारण है की यह समस्या वर्षों से यथावत स्थिति में बनी हुई है.कोई देखने सुनने वाला नहीं है जनता भी बरसात में ही जागती है इसके बाद सो जाती है बड़े नेता नगर में आते हैं खूब जयकारा लगाते हैं.यहां के लोग फूल मालाएं पहनाकर कहते हैं कोई समस्या नहीं है यही कारण है की बहुत जरूरी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है.जब तक बच्चा रोता नहीं है तब तक मां भी उसे दूध नहीं पिलाती नेताओं के सामने गिड़गिड़ाने की जरूरत है उनके सामने अनेक कार्य होते हैं जो आवाज उठाता है वहां काम हो जाते हैं.जनता को जागरूक होना होगा तभी समस्याओं का हल होगा.

# संत का साथी ही निकला चोरी का मास्टरमाइंड

**बीजासेन माता मंदिर चोरी का मामला**

**दो आरोपी गिरफ्तार, 1.30 लाख व मंगलसूत्र बरामद**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 29 जनवरी, थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने बीते दिनों ग्राम दीपनाखेड़ा स्थित मां बीजासन माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है. मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई नकदी 1 लाख 30 हजार रुपए एवं एक सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है. इस चोरी की साजिश फरियादी संत के साथी द्वारा रची गई थी, जो पूरी घटना का मास्टरमाइंड निकला. जानकारी के अनुसार बीते दिनों बीजासन माता मंदिर के प्रमुख संत बालभारती जी महाराज द्वारा थाना दीपनाखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि छठ मेले के दौरान रात्रि में महाआरती के पश्चात उनके बिस्तर पर रखे थैले से अज्ञात चोर द्वारा लगभग 2-3 लाख नकद राशि एवं एक सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.**

पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. टीम द्वारा मेले में लगे दुकानदारों, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई. जांच के दौरान संदेही राजकुमार उर्फ पिंका यादव निवासी ग्राम दीपनाखेड़ा से पूछताछ की गई, जिसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी भोलापुरी महाराज उर्फ चंपालाल कुशवाह जो कि बीजासन माता मंदिर में संत का साथी है उसके साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया. दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से कुल 1 लाख 30 हजार नकद एवं चोरी गया मंगलसूत्र जप्त किया गया. दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा उप निरीक्षक प्रकाश भिलाला, प्रधान आरक्षक दीपक सिंह सेंगर, प्रधान आरक्षक सीताराम खंगार, आरक्षक अमित खैरविया, राजकुमार, फिरोज खान, राजू प्रजापति, बाबूलाल बेलिया, देवेंद्र पिप्पल एवं महिला आरक्षक रश्मि चौहान की सराहनीय भूमिका रही.

**एक नजर में**

## 252 लोगों के नेत्रों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, ग्यारसपुर के शासकीय अस्पताल में स्व. श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉ. अंकुश पाल, आरपी शुक्ला, नीलम सिंह जादौन, आनंदपुर के नेत्र विभाग की टीम ने लगभग 252 लोगों के नेत्रों की जाँच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी. इस अवसर पर समाजसेवी कौशल कुशवाह, सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि वर्षभर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते है. 65 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया. 123 लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया. 29 मरीजों का चश्मा का नंबर एवं 35 को चश्मे प्रदान किये गए. इस मौके पर कैंप प्रभारी गोलू राठौर, अंकुश पाल, त्रिलोक सेन, सीताराम कुशवाह ने सहयोग किया.

## छात्राओं को मिला कैरियर मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

कुरवाई, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरवाई में पांच दिवसीय कैरियर मेला एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के द्वितीय दिवस उद्यमी बलबीर सैनी द्वारा छात्राओं का कैरियर मार्गदर्शन दिया गया. विद्यालय में संचालित कौशल आधारित पाठ्यक्रम ब्यूटी वैलनेस तथा हेल्थ केयर की शिक्षिकाओं रजनी यादव तथा प्रतिभा कुर्मी द्वारा मार्गदर्शन किया गया. विद्यालय की शिक्षिका चंद्र जैन द्वारा संस्कृत एवं हिंदी की उपयोगिता तथा महत्व पर प्रकाश डाला. संचालन सरिता सक्सेना ने किया. प्राचार्य राकेश कुमार चौबे ने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा.

# एडीएम ने फसल क्षति का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज तहसील क्षेत्र में हाल ही में हुई बारिश से प्रभावित गांवों में प्रशासन द्वारा स्थिति का आंकलन किया जा रहा है. इसी कड़ी में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बुधवार को ग्राम ललितपुर, बामोरीशाला एवं सनोटी का स्थलीय भ्रमण कर फसलों और अन्य नुकसान का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की तथा फसल क्षति की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की. अपर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित सर्वे कार्य पूर्ण कर नुकसान का सही आकलन किया जाए, ताकि पात्र किसानों को शासन के प्रावधानों के अनुसार राहत प्रदान की जा सके.उन्होंने यह भी कहा कि जिन ग्रामीणों की अन्य सामग्री या संपत्ति को क्षति हुई है, उसका भी पृथक आकलन किया जाए. उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है और राहत प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी नहीं होने दी जाएगी. प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. जिससे प्रभावित किसानों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके.

# 8 करोड़ 40 लाख के नवीन तहसील भवन निर्माण में अनियमितता का आरोप

नवभारत न्यूज

**नटेरन, शासन द्वारा लगभग 8 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित किए जा रहे नवीन तहसील भवन के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं. स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि भवन की सीमेंट कांक्रीट (सीसी) में मानकों के विपरीत मिट्टी मिली डस्ट (पत्थर चूरा) का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निर्माण स्थल पर डाले जा रहे कंक्रीट में प्रयुक्त डस्ट में स्पष्ट रूप से मिट्टी की मात्रा अधिक दिखाई दे रही है। जानकारों का कहना है कि ऐसी सामग्री से बनी सीसी की कंप्रेसिव स्ट्रेंथ घट जाती है, जिससे भविष्य में भवन में दरारें आने और संरचनात्मक कमजोरी का खतरा बढ़ जाता है.स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण के नियमों की अनदेखी की जा रही है. वहीं, निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं.नागरिकों का कहना है कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर घटिया सामग्री से निर्माण किया जाना सीधे-सीधे जनहित के साथ खिलवाड़ है.मामले को लेकर लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की तत्काल प्रयोगशाला जांच (लैब टेस्ट) कराई जाए, दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो, तथा मानकों के अनुरूप सामग्री से ही कार्य कराया जाए.इस संबंध में जब संबंधित विभाग के अधिकारियों से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया तो समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका.

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की आशंका से किसानों की बढ़ी चिंता

**लगातार ठंड और बदलते मौसम के मिजाज से गेहूं-चना फसलों को लेकर किसान सतर्क**

नवभारत न्यूज

**सांची,क्षेत्र में लगातार बढ़ती ठंड, रुक-रुक कर हो रही बारिश और ओलावृष्टि की संभावना ने किसानों की चिंताओं को बढ़ा दिया है. आसमान में छाए घने बादल और गड़गड़ाहट के साथ हो रही बारिश से किसान अपने खेतों की ओर बार-बार नजरें गड़ाए हुए हैं.**

जानकारी के अनुसार इन दिनों ठंड अपने तीखे तेवर दिखा रही है, वहीं महावट का असर भी महसूस किया जा रहा है.मौसम के इस अचानक बदले स्वरूप के चलते खेतों में खड़ी गेहूं और चना की फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है.किसानों के अनुसार, फसल तैयार करने में उन्होंने दिन-रात मेहनत की है. न ठंड की परवाह की, न गर्मी की और न ही बारिश की, लेकिन फसल के इस संवेदनशील दौर में यदि ओलावृष्टि होती है तो मेहनत पर असर पड़ सकता है. यही कारण है कि किसान मौसम की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं.आसपास के कुछ क्षेत्रों से ओलावृष्टि की खबरें मिलने के बाद किसानों की सतर्कता और चिंता दोनों बढ़ गई हैं.फिलहाल किसान मौसम के साफ होने और फसलों के सुरक्षित रहने की उम्मीद कर रहे हैं.मौसम की अनिश्चितता के बीच किसान ईश्वर से अपनी मेहनत की फसल बचाने की दुआ कर रहे हैं.

# 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित होगा सम्मेलन

**रघुवंशी समाज के जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर किया संपर्क**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, समाज की मजबूती केवल मंचों से नहीं, घर-घर पहुंचने वाले संवाद से बनती है इसी भाव के साथ रघुवंशी समाज ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन और करियर काउंसलिंग में सहभागिता को लेकर जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया.**

व्यक्तिगत संपर्क के अलावा समाज जनों के बीच व्यक्ति संपर्क के अलावा सोशल मीडिया के जरिए सम्मेलन में आमंत्रित किए जाने के लिए संदेश पहुंचाया जा रहा है. विदिशा रघुवंशी समाज के आवाहन पर जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन और करियर काउंसलिंग 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित किया गया है.पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में जिलेभर से एक हजार समाज जनों की सहभागिता होगी.

समाज के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी (रामजी) के साथ समाज जनों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर सम्मेलन में शामिल होने के लिए समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में विदिशा सम्मेलन में शामिल होने आग्रह किया.यह सम्मेलन 1 फरवरी 2026 को विदिशा में आयोजित होगा. जनसंपर्क के दौरान सम्मेलन के उद्देश्य, पंजीकरण प्रक्रिया और आयोजन की रूपरेखा समाजजनों को समझाई गई.साथ ही यह भी बताया गया कि यह आयोजन केवल युवक युवतियों के वैवाहिक परिचय और करियर काउंसलिंग का मंच नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और विश्वास को मजबूत करने की पहल है.उन्होंने कहा कि जब समाज अपने बच्चों के भविष्य के लिए एकजुट होकर निर्णय लेता है, तब उसका असर आने वाली पीढ़ियों तक जाता है.अभियान के दौरान कई परिवारों ने मौके पर ही पंजीकरण कराने की सहमति दी और अन्य समाजबंधुओं को भी जोड़ने का भरोसा दिलाया। वातावरण में अपनापन और विश्वास का भाव स्पष्ट नजर आया. समाजजनों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से आपसी संवाद बढ़ता है और बिखराव की जगह एकता मजबूत होती है.

# जनभागीदारी, विचार-विमर्श एवं आत्मनिर्भर ग्राम संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड गंजबासौदा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड मुख्यालय पर गरिमामय वातावरण में किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम विकास की अवधारणा को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज की सक्रिय सहभागिता से आत्मनिर्भर ग्राम की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करना रहा.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय सहमंत्री एवं विश्व हिंदू परिषद के राजेश तिवारी उपस्थित रहे. विशेष अतिथियों में जिला समन्वयक श्रीमती पूजा श्रीवास्त,जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता रितुज एलिया, रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला संयोजक एबीवीपी शुभेन्द्र सिंह राजपूत,व, शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार ठाकुर , पूर्व प्राचार्य डॉ मनिमोहन मेहता एवं व्याख्याता डॉ विजय शाक्य उपस्थित रहे.कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं से रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के श्री देवेंद्र साहू, आवरण समिति से अमित शर्मा, अन्नपूर्णा समिति से आकाश दुबे एवं धन सिंह कुशवाहा, माँ शीतला ह्यूमन डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के प्रतिनिधि, परामर्शदाता जगदीश साहू, ऋतु दांगी, गोपाल मिश्रा, सीमा शर्मा सहित विभिन्न ग्राम विकास समितियों के सदस्य, एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया. इसके पश्चात अतिथि वक्ताओं द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के मूल बिंदुओं—ग्राम स्वावलंबन, सामाजिक सहभागिता, युवाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण एवं स्वदेशी अपनाने—पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए. वक्ताओं ने कहा कि जब समाज स्वयं आगे बढ़कर विकास की जिम्मेदारी लेता है, तभी स्थायी एवं समावेशी विकास संभव हो पाता है.

# गौ-माता के सम्मान में बजरंग दल का मैदान में उतरने का ऐलान, प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,विगत दिनों लायरा चक क्षेत्र में गौ-माता के अवशेष मिलने की हृदयविदारक घटना सामने आने के बाद भी दोषियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से हिन्दू संगठनों में रोष व्याप्त है. इसी क्रम में गौ-माता के सम्मान एवं न्याय की मांग को लेकर बजरंग दल द्वारा एकजुट होकर आंदोलन का आह्वान किया गया है.**

बजरंग दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की आस्था पर सीधा प्रहार है. इतने गंभीर प्रकरण के बावजूद शासन-प्रशासन की निष्क्रियता चिंताजनक है.इसी के विरोध में बजरंग दल एवं अन्य हिन्दू संगठनों द्वारा एकत्रित होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा.कार्यक्रम के अनुसार यह एकत्रीकरण 30 जनवरी 2026 को सुबह 12 बजे गल्ला मंडी, कुरवाई में आयोजित किया जाएगा. आयोजकों ने क्षेत्र के सभी सनातन प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर एकता का परिचय देने की अपील की है.बजरंग दल का स्पष्ट कहना है कि गौ-माता के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा.

शुभ हो आपकी हर सुबह,
हर दिन, और पूरा जीवन...

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250

मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

एण्ड्रॉयड आई फोन

**लीला** नटेरन भैरव बाबा के प्रसिद्ध मेले में रामलीला में राजा दशरथ दरबार

# नटेरन भैरव जी मेला में राम वनवास लीला का हुआ मंचन

नवभारत न्यूज

**नटेरन, राम को राजगद्दी युवराज पद की तैयारी मंथरा कैकई संवाद दशरथ केकई संवाद के पश्चात राम वनवास का मार्मिक मंचन वृंदावन धाम की आदर्श बांके बिहारी रामलीला मंडली द्वारा किया गया.लीला अनुसार कोप भवन में महारानी कैकई ने महाराजा दशरथ से अपने लिए दो वरदान मांगे जिसमें पहला वरदान भरत को राजगद्दी और दूसरा राम को 14 वर्ष का वनवास यह सुनकर महाराजा दशरथ का मुख मालिन हो गया उन्होंने विभिन्न प्रकार से कैकई को समझाया भरत को राजगद्दी देना ठीक है लेकिन राम को वनवास देना मेरे लिए उचित नहीं है कैकई अपने वचनों पर अडिग रही यह देखकर महाराज दशरथ मूर्छित हो जाते हैं बार-बार होश में आते हैं कैकई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है.**

अन्तोगत्वा दशरथ जी वनवास देने के लिए विवश हो गए और कहा रघुकुल रीत सदा चली आई.प्राण जाए पर वचन न जाई.श्री राम को जब इस बात का पता चलता है तो राम ने खुशी-खुशी माता कैकई को दिए गए वचनों को पूरा करने राजर्षि वस्त्र त्याग कर वनवास स्वीकार किया श्रीराम ने अपनी मां कौशल्या को बताया पिताजी ने मुझे बनका राज दिया है पिता दीन मोह कानन राजू. जँह सब भांति मोर बडकाजू. श्री राम के साथ सीता जी और लक्ष्मण भी वनवास के लिए रवाना हुए इस मार्मिक प्रसंग को देखकर दर्शक भावविहल हो उठे इन्हें कोई रोको रे भाई. वन को चले दोनों भाई. अंत में अध्यक्ष रामलीला कमेटी ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि श्री राम के चरित्र में यहां प्रभुता झलकती है वे विषम परिस्थितियों में विचलित नहीं हुए स्वयं सुख का अनुभव किया आज हम अच्छाइयों में बुराइयां खोजने हैं हमें कठिनाइयों में भी धैर्य धारण करके समस्या का निदान करना चाहिए यह राम की प्रभुता और आदर्श राजा के गुण हैं चाहे वह राज्य वन का हो या अवध का राम जैसा राजा बनना गौरव की बात है.

# ग्रामोत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हैदरगढ़ विकास पखवाड़ा विकासखंड ग्यारसपुर जिला विदिशा मध्य प्रदेश सेक्टर हैदरगढ़ के तहत कार्यक्रम ग्राम हैदरगढ़ में आयोजित किया गया जिसमें अतिथि अशोक जी ने समस्त परामर्शदाता और नवांकुर संस्थाएं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां उपस्थित रहीं.**

कार्यक्रम संयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हैदरगढ़ के सौजन्य से हुआ. ग्रामोत्सव कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य और सभी ग्रामीण जन एवं स्कूली छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे बच्चों की सुंदर एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुरू हुए कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद जी के ऊपर राजेश चिड़ार ने उनके व्यक्तित्व और उनके द्वारा बताए गए कार्य के बारे में सभी को अवगत करवाया बच्चों की शिक्षा के ऊपर स्वच्छता साफ सफाई पर्यावरण वृक्षारोपण के ऊपर अपना उद्बोधन दिया समिति के सचिव द्वारा ग्राम विकास के बारे में अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार श्राजपाल सिंह चौहन द्वारा किया गया मंच संचालन अजब सिंह प्रजापति ने किया कार्यक्रम नवांकुर संस्था से राजपाल चौहान प्रस्फुटन समिति हैदरगढ़ से अध्यक्ष सचिव तथा समस्त सदस्य तथा समस्त स्टॉफ एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे.